भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2689
दिनांक 11.12.2024 को उत्तर देने के लिए

जिला खनिज फाउंडेशन

ł2689 डॉ. नामदेव किरसान:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) विगत तीन वर्षों के दौरान विकास कार्यों को करने के लिए जनजातीय जिलों, विशेषकर महाराष्ट्र में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएएफ) से आवंटित निधि का राज्य-वार और मद-वार ब्यौरा क्या है; और
(ख) उक्त अवधि के दौरान डीएमएफ द्वारा जनजातीय जिलों, विशेषकर महाराष्ट्र में व्यय की गई निधि के लाभार्थियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख) खान और खनिज (विकास और विनियमन) (एमएमडीआर) अधिनियम, 1957 की धारा 9ख में खनन संबंधी कार्यों से प्रभावित देश के प्रत्येक जिले में जिला खनिज फाउंडेशन की स्थापना का प्रावधान है। डीएमएफ के तहत शुरू की गई विकासात्मक एवं कल्याणकारी परियोजनाओं/कार्यक्रमों से खनन कार्यकलापों से प्रभावित लोगों और क्षेत्रों को लाभ मिलता है। इसमें ऐसे क्षेत्रों में रहने वाली जनजातीय आबादी भी शामिल है। आज तक, देश भर के 23 राज्यों में कुल 645 डीएमएफ स्थापित किए गए हैं। पीएमकेकेकेवाई दिशानिर्देश 2024 के अनुसार, कम से कम 70% धनराशि पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा आदि जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खर्च की जानी है और 30% तक धनराशि अन्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर खर्च की जानी है। अक्टूबर 2024 तक 1,01,158/- करोड़ रुपये एकत्र किए गए हैं, जिनमें से 3.58 लाख परियोजनाओं के लिए 86,889 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। कुल 1.99 लाख परियोजनाएं पूरी हो गई हैं और 54,480/- करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है।

महाराष्ट्र सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, राज्य में अधिकांश जनजातीय आबादी चंद्रपुर, गढ़चिरौली, गोंदिया, नागपुर, अमरावती, यवतमाल, धुले, नंदुरबार, जलगांव, नासिक, पालघर और ठाणे जिलों में केंद्रित है। वित्त वर्ष 2021-22, वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान महाराष्ट्र के इन जनजातीय बहुल जिलों में डीएमएफ के तहत लाभार्थियों की संख्या क्रमशः 3882, 9283 और 7920 हैं। इन जिलों में डीएमएफ से पिछले तीन वर्षों के दौरान आवंटित, एकत्रित और खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक-I

<u>पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र के जनजातीय बहुल जिलों में डीएमएफ संग्रह, आवंटन और व्यय (करोड़ रुपये में)</u>

क्र. सं.	जिला	कुल डीएमएफ संग्रह			कुल डीएमएफ आवंटन			खर्च की गई राशि		
		2021-22	2022-23	2023-24	2021-22	2022-23	2023-24	2021-22	2022-23	2023-24
1	ठाणे	12.12	16.84	26.64	0.35	1.18	28.08	0.35	0.83	28.04
2	पालघर	6.90	13.94	16.49	0.00	0.90	0.68	0.21	0.53	0.60
3	नासिक	9.47	12.81	6.69	0.00	0.56	0.31	0.00	0.56	0.31
4	धुले	1.15	3.87	2.81	0.01	0.01	0.00	0.01	0.01	0.00
5	नंदुरबार	4.96	2.47	1.08	0.19	0.00	0.43	0.19	0.00	0.43
6	जलगांव	7.01	0.00	1.81	1.19	0.19	0.00	1.29	0.18	0.00
7	अमरावती	5.08	8.38	4.88	0.90	3.67	6.52	0.75	2.16	2.28
8	यावतमाल	103.41	214.76	237.09	21.08	101.06	303.24	35.22	63.76	70.22
9	नागपुर	165.39	235.25	217.02	176.60	120.12	193.03	120.37	109.29	42.56
10	गोंदिया	2.31	4.35	1.63	2.23	0.38	8.70	2.23	0.38	6.83
11	चंद्रपुर	220.50	317.58	351.41	266.77	39.67	584.44	175.17	167.85	153.32
12	गढ़चिरोली	11.67	108.83	182.92	0.90	10.46	1.11	0.88	7.80	3.00
	कुल	**549.97**	**939.08**	**1050.51**	**470.22**	**277.39**	**1126.54**	**336.67**	**353.35**	**307.59**